

नववर्ष की सुबह बुधवार को राजधानी घने कोहरे की आगोश में रही।

# मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान अब यूनीपे से होगा

### अब तक 29 लाख बालिकाओं को 813.64 करोड़ की छात्रवृत्ति स्वीकृत

भोपाल (काप्र)।

**महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि नव वर्ष से मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पंजीकृत पात्र बालिकाओं को छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान यूनीपे के माध्यम से किया जायेगा।**

यह व्यवस्था लागू हो जाने से अब छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि का भुगतान बालिका के खाते में सीधे यूनीपे के माध्यम से हो सकेगा। भुगतान की सूचना भी मोबाईल में एसएमएस से बालिका को प्राप्त हो सकेगी। इस तरह भुगतान की प्रकिया अब और अधिक सटीक हो गयी है। मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना में बालिका को कक्षा 6, कक्षा 9, कक्षा 11 एवं कक्षा 12 में छात्रवृत्ति देने एवं स्नातक प्रथम एवं अंतिम वर्ष में प्रोत्साहन राशि दिये जाने का प्रावधान है। अब तक लगभग 29 लाख से अधिक बालिकाओं को 813.64 करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति स्वीकृत की जा चुकी है। पूर्व में यह राशि जिलों के द्वारा आहरित कर सम्बंधित बालिका के खाते में डिपोजिट की जाती थी, इसमें समय लगता था और बालिका को सूचना भी नहीं प्राप्त हो पाती थी। यूनीपे के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया प्रभावी और पारदर्शी हो गयी है। सुश्री भूरिया ने बताया कि विभाग लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों को यूनीपे पेमेंट पोर्टल के माध्यम से सहायता राशि का हस्तांतरण करता है। इसके लिए, प्रत्येक हितग्राही का बैंक खाता आधार लिंक एवं डीबीटी इनेबिल्ड होना चाहिए, इसके पोर्टल का संचालन एमपीएसईडीसी द्वारा किया जा रहा है। इसमें कोई मैन्युअल हस्तक्षेप नहीं है। एमपीएसईडीसी के पोर्टल पर पेमेंट आर्डर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी द्वारा जनरेट किया जाता है। पेमेंट आर्डर जनरेट होने के बाद एमपीएसईडीसी के यूनीपे पेमेंट पोर्टल से बैंकिंग पार्टनर को हितग्राही के आधार के रेफरेंस नंबर के साथ पेमेंट भेजा जाता है। इसके बाद बैंक यह पेमेंट आर्डर और एनपीसीआई को भेजता है एनपीसीआई इसे हितग्राही के पसम्बंधित बैंक को भेजता है।

# नववर्ष के प्रथम दिन कड़ाके की ठंड

### छाया घना कोहरा, 15 जनवरी तक शीतलहर, कोल्ड-डे का अलर्ट

भोपाल (काप्र)।

**नए साल के पहले दिन भोपाल में घना कोहरा छाया रहा। शहर में विजिबिलिटी 100 मीटर है। 31 दिसंबर की रात का तापमान 8.04 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में साल 2024 का नवंबर-दिसंबर महीना कड़ाके की ठंड वाला रहा है। नवंबर में 36 और दिसंबर में 58 साल का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है।**

ऐसा ही मौसम जनवरी में भी रहेगा। मौसम विभाग की माने तो 15 जनवरी तक भोपाल में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। शीतलहर और कोल्ड-डे की स्थिति भी बनी रहेगी। सर्दी के 4 महीने में सबसे ठंडा जनवरी महीना रहता है। भोपाल में भी इस महीने कड़ाके की ठंड पड़ती है। पिछले 10 साल के टेम्प्रेचर पर नजर डालें तो पारा 9 डिग्री के नीचे ही रहा है। 13 जनवरी 2017 की रात में टेम्प्रेचर सबसे कम 4 डिग्री तक पहुंचा था। वहीं, 90 साल पहले 18 जनवरी 1935 की रात में टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 0.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। पिछले 10 साल में पारा सामान्य से 2 से 6 डिग्री तक कम रहा है।

#### दो दिन कोहरे का असर

मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिन यानी, 1-2 जनवरी को हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा। साथ ही दिन में सर्द हवा भी चलेगी। पिछले 3 दिन से राजधानी में कड़ाके की ठंड पड़ी है। साल 2024 के आखिरी दिन मंगलवार को तापमान 19.9 डिग्री सेल्सियस रहा था।

#### ठंड के साथ बारिश का भी ट्रेंड

राजधानी में जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। वहीं, दिन में गर्मी का अहसास और बारिश का ट्रेंड भी है। 18 जनवरी 1935 को रात का टेम्प्रेचर रिकॉर्ड 0.6 डिग्री रहा था। वहीं, 26 जनवरी 2009 को दिन में तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया था।पिछले 10 में से 7 साल बारिश हो चुकी है। 24 घंटे में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश 6 जनवरी 2004 को हुई थी। वहीं, सर्वाधिक मासिक 3.8 इंच बारिश जनवरी 1948 को हुई थी।

# मध्यप्रदेश के संतुलित औद्योगिक विकास का नया अध्याय

### आरआईसी में 259 औद्योगिक इकाइयों का हुआ भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश के संतुलित औद्योगिक निवेश का स्वर्णिम अध्याय लिखा गया। इस दौरान प्रदेश के 6 शहरों में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव (आरआईसी) आयोजित की गई, जिनमें 259 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।**

अधिकांश निवेशकों को कॉन्क्लेव के दौरान ही भूमि आवंटित कर दी गई। इन कॉन्क्लेव्स के परिणामस्वरूप प्रदेश में 18 हजार 197 करोड़ रूपये का निवेश आएगा और 32 हजार 905 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, प्रदेश के सभी क्षेत्रों में समान औद्योगिक विकास को समर्पित एक ऐतिहासिक नवाचार है। इन आयोजनों के माध्यम से सरकार ने न केवल निवेश आकर्षित किया है, बल्कि औद्योगिक विकास के जरिये सामाजिक और आर्थिक प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त किया है। इस वर्ष उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और नर्मदापुरम में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किए गए। नई औद्योगिक इकाइयों से प्रदेश में रोजगार, विकास और समृद्धि का रास्ता खुलेगा और जीवन स्तर में सुधार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश का हर शहर और हर गांव विकास यात्रा का मूक-दर्शक नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बनेगा। इससे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में प्रदेश की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से न केवल बड़े शहरों में अपितु कस्बों और गांवों तक औद्योगिक निवेश का लाभ पहुँचेगा। उज्जैन, नर्मदापुरम, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और सागर जैसे क्षेत्रों में हुए निवेश से क्षेत्रीय असंतुलन को कम करने और विकास के विकेंद्रीकरण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

#### छह आरआईसी में आए 18 हजार 197 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- *उज्जैन आरआईसी में 61 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, इनसे 10 हजार 59 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 16 हजार 968 रोजगार सृजित होंगे।*
- *जबलपुर आरआईसी में 67 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे एक हजार 531 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 4 हजार 560 रोजगार सृजित होंगे।*
- *ग्वालियर आरआईसी में 28 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे एक हजार 321 करोड़ रूपये का निवेश आएगा और 3 हजार 785 रोजगार सृजित होंगे।*
- *रीवा आरआईसी में 21 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे 2 हजार 690 करोड़ रूपये का निवेश आएगा और एक हजार 830 रोजगार सृजित होंगे।*
- *नर्मदापुरम आरआईसी में 82 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ, जिनसे 2 हजार 595 करोड़ रूपये का निवेश आएगा और 5 हजार 762 रोजगार सृजित होंगे।*
- *सागर आरआईसी में आए प्रस्तावों से 1,646 करोड़ रुपए के निवेश आएगा और 5,944 रोजगार सृजित होंगे।*

आरआईसी. में आए निवेशों से छोटे और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। कृषि प्रसंस्करण, कपड़ा, खाद्य उद्योग, और नवकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में निवेश से न केवल औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को भी सशक्त बनाया जाएगा। औद्योगिक इकाइयों के स्थापित होने से बुनियादी ढांचे का विकास होगा।

# साल शुरु होने के 14 मिनट बाद दर्ज हुई नए साल की पहली एफआईआर

### पहली-दूसरी एक्सीडेंट और तीसरी अवैध शराब की रही

भोपाल (काप्र)।

**नया साल शुरु होने के चौदह मिनट बाद ही राजधानी में अपराधिक वारदातो का खाता भी खुल गया। नए साल में एक जनवरी को राजधानी की पहली एफआईआर खजूरी सड़क थाने में दर्ज की गई।**

यह कायमी तेजी से लापरवाही-पूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने के मामले में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी देर रात 12 बजकर 14 मिनट पर दर्ज की गई है। थाना पुलिस के अनुसार फरियादी विक्रमादित्य श्रीवास्तव ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि बीती रात पापाजी ढाबा के पास ग्राम खारखेड़ी में वाहन नंबर एमपी-04 वायई 4362 के चालक ने मंगलवार रात साढ़े 8 बजे उसे टक्कर मार दी थी। बाद में शिकायत मिलने पर जॉच के बाद पुलिस ने एक जनवरी की रात 12 बजकर 14 मिनट पर तेजी से लापरवाही से वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है। वहीं नये साल की दूसरी एफआईआर शहर के निशातपुरा थाने में अवैध शराब बेचने और रखने की कायम की है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की देर रात 12 बजकर 25 मिनट पर आरोपी शुभम मीना पर अवैध शराब बेचने को लेकर आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी शुभम के पास से पुलिस ने डेढ़ हजार रुपये कीमत के देशी शराब के 18 क्वार्टर जब्त किए हैं। राजधानी की तीसरी एफआईआर बैरागढ़ पुलिस ने मारपीट की दर्ज की है। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी देर रात 12 बजकर 25 मिनट पर मनोज बघेल ने शिकायत दर्ज कराई कि राहुल नगर में आरोपी दीपक कुशवाह ने मामूली विवाद को लेकर उसे गाली-गलौच कर मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी है।

# अजय कुमार बने मप्र-छग के बीमा लोकपाल

भोपाल (काप्र)।

अजय कुमार को मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ का बीमा लोकपाल नियुक्त किया गया है। इसके पहले अजय कुमार मुंबई में बीमा लोकपाल परिषद के महासचिव पद में रहे हैं। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी के रूप में बीमा के क्षेत्र में कार्यरत रहते हुए इस महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे हैं। अजय कुमार ने बीमा लोकपाल का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अजय कुमार की पढ़ाई मॉडल स्कूल भोपाल में हुई।यहीं से इन्होंने ग्रेजुएशन किया।उसके बाद भारतीय जीवन बीमा निगम में इन्होंने काम शुरू किया। विभिन्न राज्यों में जीवन बीमा निगम के विभिन्न पदों के दायित्व का निर्वहन करने के बाद अब बीमा लोकपाल के रूप में आपकी नियुक्ति की गई है।

# महापौर हवन में हुईं सम्मिलित



महापौर श्रीमती मालती राय अखण्ड रामायण पाठ, सुंदरकांड व भक्तांबर पाठ के समापन अवसर पर आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। श्रीमती राय बुधवार को जुमेराती में किराना व्यापारी महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचीं।

#### दानिश नगर को जाने वाला मार्ग 14 जनवरी तक बंद रहेगा

नगर निगम द्वारा होशंगाबाद रोड स्थित बीआरटीएस सर्विस लेन से दानिश नगर मुख्य मार्ग की ओर जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण बीआरटीएस सर्विस लेन से दानिश नगर मार्ग आवागमन के लिए आगामी 14 जनवरी तक बंद रहेगा। निगम प्रशासन ने सड़क निर्माण कार्य से प्रभावित क्षेत्र के रहवासियों से अपील की है कि वह उक्त अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग आवागमन हेतु करें। नगर निगम के यांत्रिक विभाग द्वारा जोन क्र. 13 के अंतर्गत वार्ड क्र. 53 में होशंगाबाद रोड स्थित बीआरटीएस सर्विस लेन से दानिश नगर मेन रोड पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है और आगामी 14 जनवरी तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। सीमेंट क्रांकीटीकृत मार्ग निर्माण के कारण उक्त अवधि में इस मार्ग पर आवागमन पूर्णत: बंद रहेगा।

# ड्यूटी से गायब दो डॉक्टरों को नोटिस

### अचानक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे कलेक्टर

भोपाल (काप्र)।

**कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को गुनगा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी से 2 डॉक्टर गायब मिले। इसे लेकर दोनों डॉक्टरों को नोटिस जारी किया गया है।**

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों से बात की और समस्या पूछी। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र की पेयजल टंकी को नल-जल योजना से जोड़ने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए। बुधवार को कलेक्टर सिंह बैरसिया क्षेत्र के दौरे पर निकले। सबसे पहले वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। इस दौरान डॉ. मेघ सक्सेना और डॉ. नीतू राजोरिया गैरहाजिर थे। जिस पर दोनों को नोटिस देने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। कलेक्टर सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी पहुंचे। यहां पर शिविर लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ देने को कहा। साथ ही आमजन से संवाद किया और उनकी समस्याओं को दूर करने की बात कही।

इसी गांव की आंगनवाड़ी केंद्र में भी कलेक्टर पहुंचे। उन्होंने बच्चों से बात की और आशा कार्यकर्ता से केंद्र की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। चर्चा के बाद केंद्र की पानी की टंकी को नल-जल से जोड़ने को कहा। कलेक्टर सिंह शासकीय आम्रपाली उद्यान करोंदिया भी पहुंचे। यहां उद्यान की व्यवस्था का निरीक्षण किया और ग्राफ्टिंग टेक्नीक की जानकारी ली।

सरपंच विजय शर्मा ने ग्राम पंचायत की नल-जल योजना में आ रही समस्या की जानकारी दी। वहीं, करोंदिया गांव में श्मशान भूमि की बाउंड्री बनवाने की मांग की।

# निर्धनों को शॉल वितरण कर मनाई मालदेव राणा की पुण्यतिथि



**भोपाल (काप्र)। मेर समाज सामाजिक उत्थान समिति मप्र द्वारा आज मेर शिरोमणि बापू मालदेव राणा की पुण्य तिथि कार्यक्रम मेर समाज मंदिर नारियल खेड़ा पर बापू के चित्त पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।**

मेर समाज बंधुओ द्वारा आज गरीब निर्धनों को ठंड से बचने के लिए शॉल वितरण किया गया। इस अवसर पर मेर समाज प्रदेश अध्यक्ष हेमराज सिंह मेर, भाजपा वरिष्ठ नेता उत्तर विधानसभा प्रभारी पंकज चौकसे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रायसेन मेर समाज जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह मेर, प्रदेश सचिव मुकेश मेर, प्रदेश मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र मेर, वरिष्ठ समाज सेवी खेमचंद्र पटेल, वीपी. मेर, एचआर मेर, फिल्म कलाकार दयाराम मेर, जिला सचिव दिनेश मेर, मंत्री योगेंद्र भदौरिया, राजमल मेर, बाबूलाल मेर, मनीष मेर, योगेंद्र मेर, संजय मेर, सतेंद्र प्यारे सिंह, दिनेश मेर, राकेश मेर, जगदीश मेर, उमराव सिंह उपस्थित रहे।

**स्पेशल खबर** *योग से जीवन में बदलाव : एम्स में आयुष विभाग की अनूठी पहल...*

# स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने योग सत्र का आयोजन

भोपाल (काप्र)।

**एम्स के आयुष विभाग ने नए साल के अवसर पर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पहल का आयोजन किया।**

इसके तहत नए साल के अवसर पर सुबह 7 से 8 बजे के बीच आयोजित योग सत्र के दौरान संकल्प लिया गया, जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को अपनी दिनचर्या में छोटे लेकिन महत्वपूर्ण बदलाव करने के लिए प्रेरित करना था, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके। कार्यक्रम में आयुष पद्धति के विभिन्न पहलुओं, जैसे योग, प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों, संतुलित आहार, और नियमित



दिनचर्या व ऋतुचर्या के महत्व पर चर्चा की गई। मरीजों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नए साल की शुरुआत एक अच्छे संकल्प के साथ की। इस कार्यक्रम की खास बात यह थी कि प्रतिभागियों ने अपनी एक बुरी आदत छोड़ने और एक अच्छी आदत अपनाने का वचन लिया। सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. दानिश जावेद और योग प्रशिक्षक चंचल सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में मरीजों ने एडवांस योग का प्रदर्शन भी किया। ठंड के बावजूद, मरीज हर सुबह नियमित रूप से योग सत्र में शामिल होकर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना रहे हैं।

इस अवसर पर एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह ने कहा कि यह पहल आयुष पद्धति की शक्ति और उसके जीवनशैली पर प्रभाव को दर्शाती है। यह देखकर खुशी होती है कि मरीज इतने उत्साह से इस यात्रा को अपना रहे हैं। ये कार्यक्रम हमें यह सिखाता है कि हमारी दिनचर्या में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव से न केवल हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि हमारा जीवन संतुलित और सुखद हो जाता है। आयुष विभाग, जो भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी चिकित्सा, सिद्ध चिकित्सा और होम्योपैथी को बढ़ावा देने और विकसित करने के लिए समर्पित है, ने इस कार्यक्रम में इन पद्धतियों के व्यापक महत्व पर चर्चा की।